K22U 1260

Reg. No. : ....

Name : ....

DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE LIBRARY

II Semester B.Com./B.T.T.M./B.B.A./B.B.A.-T.T.M./B.B.A.-R.T.M./B.B.A.-A.H./ B.A./B.M.M.C. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Reg./Supple./Imp.) Examination, April 2022

(2019 Admission Onwards)

ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI

2A08-1HIN : व्यवहारिक हिंदी (Vyavaharik Hindi)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा से हानी या लाभ विचार कीजिए ।

2) 'नारी और नौकरी'' विषय पर अपना मत प्रकट कीजिए ।

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

3) 2021 टोक्यो ओलंपिक्स में भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा से हुई एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए ।

दो भाई घर में अकेले .... फाइल में आतंकियों की जानकारी ....आतंकियों का घर में घुसना .... फाइल ढूंढना .... कमरे में बंद .... आतंकी गिरफ्तार ....।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : (3×3=9)

5) हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

We must take plenty of exercise. To make the body strong we must take it. The parts that are most used become the strongest and those we use the least will be the weakest. The arms of blacksmith are very strong because he uses them so much. Ours are weaker than his because we uses them much less. The boy who works and plays in open air grows strong and healthy, but the boy who sits indoors and does not take exercise grows up to be a weak and unhealthy man.

P.T.O.

6) **अंग्रेजी** में या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

विज्ञापन की विभिन्न लोगों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से परिभाषा की है । यह स्पष्ट और सरल रूप में विक्रय कला के मुद्रित रूप के अतिरिक्त और कुछ नहीं है । डॉ. जोंस के अनुसार यह उत्पादन को बहुत बड़ी मात्रा में बेचने की एक मशीन है, जो एक विक्रयकर्ता की वाणी और व्यक्तित्व की कमी को उसी प्रकार पूरा करती है जिस प्रकार उत्पादन कार्य में मशीन दस्तकार के हाथों की कमी को पूरा करती है । सरल रूप में कहें तो विज्ञापन मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरित करने उसमें वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा पैदा करने और उस वस्तु को रखने की इच्छा पैदा करने की कला है ।

7) आंखों देखी एक सड़क दुर्घटना के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) एक कॉलेज में एक प्राध्यापक का पद रिक्त है, इस पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (3x3=9)

9) निम्नलिखित शब्दों को **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) अग्रिम, रोकड़
2) प्रतिलिपि, पृष्ठांकन
3) शुल्क, अनुदान
4) पत्रकारिता, प्रबंधक
5) मंत्रालय, सचिवालय
6) सदस्य, योग्यता।

10) निम्नलिखित शब्दों के **हिंदी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Balance, Administration
2) Commission, Director
3) Notice, Receipt
4) Transfer, Vice Chancellor
5) Typist, Section.
6) Agent, Contractor

11) जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी आप को भेजनी है । उसका एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

आज का युग प्रचार का युग है । विज्ञापन की व्यापार में सफलता प्राप्त करने के लिए बड़ी आवश्यकता पड़ती है । समाचार पत्र विज्ञापन का सस्ता, अच्छा और सुलभ साधन है । व्यापार में सफलता चाहने वाले व्यवसायी आज समाचार पत्र की सहायता लेते हैं। कारण समाचार पत्र किसी वस्तु या व्यापार को हजारों लाखों निगाहों के सामने एकाएक रख देने का एकमात्र साधन है। आजकल तो समाचार पत्रों में व्यापारी लोगों के लिए अनेक सूचनाएं भी होती हैं । वे समाचार पत्रों को पढ़कर बाजार भाव, व्यापारिक जानकारी, मंडियों में माल की आमद आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । सारांश में समाचार पत्र व्यापारी को महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करता है, जिससे उसके व्यापार की उन्नति होती है ।

V. **एक** या **दो** वाक्यों में किन्ही **8** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) सर्वनाम क्या है ? उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।

14) वचन बदलिए : रात, पशु, आंख, बहू

15) इसमें हमका कोई दोष नहीं (शुद्ध कीजिए)

16) कारक क्या है ? उसके कितने भेद हैं ?

17) आंखों पर बिठाना । (मुहावरे का अर्थ समझाइए)

18) एक अनार सौ बीमार । (लोकोक्ति का अर्थ समझाइए)

19) वाक्यांश के लिए **एक** शब्द लिखिए :

a) प्रतिदिन होने वाला

b) जिसका धर्म से संबंध हो

20) विकारी और अविकारी शब्द में क्या अंतर है ?

21) विशेषण क्या है ? उदाहरण दीजिए । कितने भेद है ?

22) लिंग बदलिए : बच्चा, हाथी, नौकर, पंडित ।